रजिस्टर्ड डाक द्वारा

संख्याः 6/2021/05-प्रो0/51-2020-14(06)/2019

प्रेषक,

अजय कुमार ओझा
उप सचिव,
मुख्य मंत्री एवं प्रोटोकाल,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
प्रयागराज।

मुख्यमंत्री कार्यालय (प्रोटोकाल अनुभाग) लखनऊः दिनांक 05 फरवरी, 2021

विषयः जनपद-प्रयागराज में पधारने वाले मा0 राज्य अतिथि के सेवा-सत्कार पर व्यय हेतु धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्याः 739/नाजिर-नौ-ए, दिनांक 21 नवम्बर, 2020 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य अतिथि के परिवहन से संबंधित पार्श्वांकित देयक के भुगतान हेतु धनराशि रूपये 9,707=00 (रूपये नौ हजार सात सौ सात मात्र) आवंटित करते हुए उसे व्यय करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

श्री मुख्तार अब्बास नकवी जी,
मा0 केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री,
भारत सरकार।
दिनांक 22-08-2020,
वाहन संख्या-यू0पी0-32, जे0एन0-6574,
देयक संख्याः पी0आर0जे0-012,
दिनांक 25-08-2020,
रू0 9,707=00

2- उक्त स्वीकृत धनराशि के आहरण की सूचना संबंधित कोषागार की डी0डी0ओ0 रिकान्सिलेशन स्टेटमेंट की प्रमाणित प्रति एवं भुगतान का व्यय विवरण निर्धारित प्रपत्र-1 पर शासन को एक सप्ताह के अन्दर अवश्य उपलब्ध करा दिया जाये। उक्त धनराशि के आहरण से पूर्व यह भी अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाये कि देयक का भुगतान दुबारा नहीं किया जा रहा है। उक्त से संबंधित देयक मूलरूप में वापस किये जा रहे हैं।

3- उक्त धनराशि का व्यय वित्तीय वर्ष 2020-2021 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-84 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक-'2053-जिला प्रशासन-093-जिला स्थापनाएं-03-कलेक्ट्री स्थापनाएं-22-आतिथ्य व्यय/व्यय विषयक भत्ता आदि' के नामें डाला जायेगा।

संलग्नकः 01 मूलदेयक

भवदीय
अजय कुमार ओझा
उप सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्याः 05 (1) प्रो0/51-2020-14(06)/2019, तद् दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश (प्रथम), प्रयागराज।
2- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5।
3- कोषाधिकारी, प्रयागराज।
4- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, टिहरी कोठी, परिवहन भवन, लखनऊ।
5- वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, टिहरी कोठी परिवहन भवन, लखनऊ।
6- क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, आगरा।
7- कार्यालय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से
अजय कुमार ओझा
उप सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in